चंदनपुरा में गंदगी देख नाराज हुए ऊर्जा मंत्री, दिखाए सख्त तेवर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार को उप नगर ग्वालियर के चंदनपुरा, विनय नगर और शब्द प्रताप आश्रम इलाकों में जन समस्याओं तथा विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान एक्शन मोड़ में नजर आए। गुरुवार सुबह भोपाल से ग्वालियर पहुंचते ही ऊर्जा मंत्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड नंबर 16 स्थित चंदनपुरा में निर्माणाधीन सिंधिया पार्क का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पेविंग ब्लाक लगाने, वाटर हार्वेस्टिंग करने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था कराने तथा ओपन जिम खोलने के साथ ही सामुदायिक भवन की छत्त का निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने चंदनपुरा स्थित निर्माणाधीन नवीन नाले का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता बेहतर रखने की बात कही। साथ ही सिंधिया पार्क के नजदीक स्थित पुराने नाले में गंदगी देखकर नगर निगम अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि बरसात से पहले 20 दिन के अंदर मुझे इस लाइन में सुपर सकर मशीन से सफाई दिखनी चाहिए। अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। उन्होंने चंदनपुरा एवं न्यू चंदनपुरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सीवर लाइन, नाला एवं पार्क की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने रमटापुरा में निर्माणाधीन नवीन सीवर लाइन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद सुपर सकर मशीन द्वारा चल रहे सीवर सफाई अभियान के तहत विनय नगर सेक्टर एक में सफाई कार्य का निरीक्षण किया।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने निरीक्षण के दौरान चंदन पुरा स्थित सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं से संवाद किया तथा एक बुजुर्ग महिला से आत्मीयता के साथ बातचीत करते हुए पूंछा कि अम्मा कोई दिक्कत तो नहीं है, तो बुजुर्ग महिला ने ठंडे पानी के लिए व्यवस्था कराने की आवश्यकता बताई। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए ऊर्जा मंत्री ने सब्जी मंडी में तुरंत वाटर कूलर लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के इस मौसम में आमजन, व्यापारियों एवं श्रमिक भाइयों-बहनों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना इस जनसेवक की प्राथमिकता है। जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान करना ही हमारा दायित्व है।

मेवाराम का घर खटखटा कर प्याज से खाई रोटी

ऊर्जा मंत्री के कदम मेवाराम शाक्य के मकान के दरवाजे पर जाकर ठिठक गए। उन्होंने बड़े ही आत्मीय अंदाज में घर का दरवाजा खटखटाया और जब दरवाजा मेवाराम शाक्य ने खोला, तो ऊर्जा मंत्री ने उनसे सरकार की योजनाओं और समस्याओं के बारे में संवाद करते हुए भोजन करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। घर के मुखिया मेवाराम पहले तो अचानक ऊर्जा मंत्री की इस इच्छा को सुनकर असमंजस में पड़ गए, फिर कुछ विचार कर एक थाली में रोटी, प्याज, नमक और हरी मिर्च लाकर ऊर्जा मंत्री के सामने प्रस्तुत की। थाली देख ऊर्जा मंत्री तोमर भावुक हो गए और उन्होंने बड़ी ही आत्मीयता के साथ घर की देहरी पर बैठकर वह भोजन ग्रहण किया। उनके इस अंदाज को देख वहां मौजूद प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी भी अचंभित रह गए। इस अवसर पर नगर निगम, विधुत विभाग, पीएचई, जिला प्रशासन मौजूद रहे।

24 मई को आयोजित होगा ब्राह्मण सम्मेलन, तैयारियां तेज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई। ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट, ग्वालियर के तत्वावधान में आगामी 24 मई को शहर में एक भव्य ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर संगठन और समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि, यह कार्यक्रम रविवार, 24 मई को शाम 5 बजे से रेलवे स्टेशन परिसर स्थित होटल एवियंस में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन को भगवान परशुराम महाराज, 1008 रामदास महाराज (दंतौली धाम) और युगाचार्य प्रभाकर मिश्र सहित पूज्य संतों और प्रबुद्ध जनों का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त है।

नई टीम लेगी शपथ

ट्रस्ट के पदाधिकारियों डॉ अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट, गिरजा शंकर भटेले, संध्या तिवारी,ममता शर्मा,मंजरी पाठक, संजय तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, संतोष दुबे, ने बताया कि व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सम्मेलन की पूर्णता के पश्चात सभी आगंतुकों के लिए स्वेच्छा/स्वरुचि भोज की विशेष व्यवस्था भी की गई है। आयोजक समिति ने समाज के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से इस कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर आयोजन को भव्य और सफल बनाने की अपील की है।

फरार आरोपी परशुराम चौराहे से पकड़ा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई। ग्वालियर पुलिस को अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। डबरा सिटी थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 16 स्थायी वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर वारंटी को परशुराम चौराहा (डबरा) से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विभिन्न न्यायालयों द्वारा डबरा सहित ग्वालियर शहर के अलग-अलग थानों के कुल 16 स्थायी वारंट जारी किए गए थे। एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के कुशल नेतृत्व में डबरा सिटी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संजय शर्मा द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था।

नीले रंग का बैग टांगे बाहर भागने की फिराक में था आरोपी: 20 मई को डबरा सिटी पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि कई मामलों में फरार चल रहा स्थाई वारंटी हेमंत जाटव, पीठ पर नीले रंग का बैग टांगे कहीं बाहर भागने की फिराक में परशुराम चौराहा (ग्वालियर रोड) पर खड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय शर्मा ने तुरंत पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया।

परशुराम चौराहे पर पुलिस टीम को देखकर मुखबिर के बताए हुलिए का व्यक्ति सकपका गया और भागने की कोशिश करने लगा। सजग पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हेमंत जाटव (सीरोठिया) पुत्र राजेंद्र जाटव (उम्र 28 साल), निवासी अंबेडकर कॉलोनी, गली नंबर 7, डबरा बताया।

अलग-अलग थानों में दर्ज हैं 16 मामले: पुलिस द्वारा रिकॉर्ड खंगालने पर आरोपी के खिलाफ लंबित मामलों की एक लंबी फेहरिस्त सामने आई। आरोपी के खिलाफ अकेले थाना डबरा के 09, थाना महाराजपुरा के 04, थाना थाटीपुर के 02 और थाना ग्वालियर के 01 प्रकरण में न्यायालयों द्वारा स्थायी वारंट जारी किए गए थे। डबरा न्यायालय के प्रमुख मामलों में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

समर वेकेशन में सीख रहे गौ-आधारित जीवन पद्धति और मोरिंगा के सीड बॉल्स बनाना

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई. एक तरफ जहाँ भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश (समर वेकेशन) चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ शहर के नौनिहाल इस समय का सदुपयोग अपनी संस्कृति और प्रकृति को जानने में कर रहे हैं। स्थानीय आदर्श गौशाला परिसर में

आदर्श गौशाला में उमड़ा बच्चों का उत्साह, पर्यावरण और संस्कृति के संस्कार जगाने की अनूठी पहल

इन दिनों प्रतिदिन सुबह और शाम छोटे बच्चों का उत्साहपूर्वक आगमन हो रहा है, जिससे पूरा परिसर बच्चों की किलकारियों से

जीवंत हो उठा है।

बच्चों की विविध और मासूम जिज्ञासाओं को शांत करने के साथ-साथ यहाँ उन्हें प्रकृति, मानवीय प्रवृत्ति, गौरवशाली भारतीय संस्कृति और गौ-आधारित जीवन-पद्धति से बेहद व्यावहारिक तरीके से परिचित कराया जा रहा है।

खेल-खेल में सीख रहे पर्यावरण संरक्षण- बच्चों को किताबी ज्ञान से दूर जमीनी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए एक विशेष गतिविधि कराई जा रही है। गौशाला परिसर में बच्चों को मोरिंगा (सहजन) के सीड बॉल्स बनाना सिखाया जा रहा है। खेल-खेल में मिट्टी, खाद और बीजों से तैयार होने वाले इन सीड बॉल्स के माध्यम से बच्चों के भीतर बचपन से ही धरती को हरा-भरा बनाने और प्रकृति संरक्षण के गहरे संस्कार विकसित किए जा रहे हैं।

9 जून से लगेगा बाल संस्कार सप्ताह

इसी अनूठी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, गत वर्ष की शानदार सफलता की भाँति इस वर्ष भी 9 जून से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर एक सप्ताह का बाल संस्कार सप्ताह (समर कैंप) आयोजित किया जाएगा।आधुनिक विज्ञान और खेल का अनूठा संगम बच्चों को उनकी उम्र के अनुकूल खेल, मिट्टी के खिलौने, पारंपरिक सात्विक आहार, प्रेरणादायी गीतों और सरल विज्ञान की समझ के माध्यम से जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी।

राष्ट्र निर्माण और वैश्विक सोच की रखी जा रही नींव

गौशाला प्रबंधन और विशेषज्ञों का मानना है कि यह आयोजन बच्चों में सिर्फ संस्कार ही नहीं, बल्कि प्रकृति प्रेम, सामाजिक चेतना और भारतीय जीवन मूल्यों के संवर्धन की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में उत्कृष्ट अध्ययन की आदतें डालना, उन्हें एक वैश्विक सोच देना और आत्मसम्मान व स्वाभिमान के साथ भारत को ही अपनी मुख्य कर्मभूमि बनाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि हमारी नई पीढ़ी अपनी जड़ों और संस्कृति से मजबूती से जुड़े रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक व सक्रिय भूमिका निभा सके।

सभापति ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई। सभापति मनोज तोमर ने आज सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें सरकारी मल्टी के पास सफाई कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतते मिले। सभापति तोमर ने इसकी सूचना तत्काल अपर आयुक्त टी प्रतीक राव को दी। साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त करने के निर्देश दिए। सभापति मनोज तोमर ने आज वार्ड क्रमांक 55 स्थित गुढ़ी गुढ़ा का नाका, अवाड़पुरा, मुक्तिधाम के पास सरकारी मल्टी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरकारी मल्टी के पास सफाई कर्मचारी टिपर वाहन खड़ाकर समय पास कर रहे थे। इसे देखकर सभापति ने नाराजगी व्यक्त की और अपर आयुक्त को लापरवाही की सूचना दी। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

वार्ड क्रमांक 20, 27, 28, 59 एवं 60 की टीमों के बीच हुआ मैच

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई. जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में हो रहे विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आज 6 मैच एम.एल.बी कॉलेज के खेल मैदान में सायं 3:30 बजे से आयोजित किये गये। पहला मैच शाम 3:30 बजे वार्ड क्रमांक 20 की टीम 20/बी एवं टीम 20/एफ के मध्य खेला गया। क्रमश: दूसरा मैच सायं 4:30 बजे वार्ड क्रमांक 60 की टीम 60/डी एवं टीम 60/पी के मध्य, तीसरा मैच शाम 5:30 बजे वार्ड क्रमांक 28 की टीम 28/सी एवं टीम 28/एच के मध्य, चौथा मैच शाम 6:30 बजे वार्ड क्रमांक 59 की टीम 59/डी एवं टीम 59/एफ के मध्य, पांचवा मैच शाम 7:30 से वार्ड क्रमांक 27 की टीम 27/बी एवं टीम 27/जी के मध्य एवं अंतिम छठवां मैच

शाम 8:30 बजे वार्ड क्रमांक 59 की टीम 59/बी एवं टीम 59/एच के मध्य खेला गया। टूर्नामेंट के अंत में न्यासी आदित्य सिकरवार द्वारा दर्शकों के लिये लक्की ड्रा खोला जाता हैं, 30 दर्शकों को आर्कषक उपहार दिये गये।

मैच की शुरूआत में टूर्नामेंट के आयोजक, न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने मुख्य अतिथि के साथ टीमों से परिचय किया और टीमों को शुभकामनाएं दी। आज टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में रश्मि पवार शर्मा (वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी) मौजूद रही।

आज शाम एम.एल.बी मैदान पर पहला मैच वार्ड क्रमांक 20 की टीम 20/बी एवं टीम 20/एफ के मध्य खेला गया। टीम 20/बी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। जिस पर टीम 20/एफ ने 8 ओवर में 73 रन बनाये।

जिसके विरूद्ध टीम 20/बी ने 6 ओवर में 79 रन बनाये और जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच पुष्पेन्द्र को मिला। दूसरा मैच वार्ड क्रमांक 60 की टीम 60/डी एवं टीम 60/पी के मध्य खेला गया। टीम 60/डी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 8 ओवर में 60 रन बनाये। जिसके विरूद्ध टीम 60/पी ने 3 ओवर 2 बॉल में 63 रन बनाये और जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच अमन को मिला।

तीसरा मैच वार्ड क्रमांक 28 की टीम 28/सी एवं टीम 28/एच के मध्य खेला गया। टीम 28/एच ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। जिस पर टीम 28/सी ने 8 ओवर में 75 रन बनाये। जिसके विरूद्ध टीम 28/एच ने 8 ओवर में 79 रन बनाये और मैच जीत गई। मैन ऑफ द मैच जयदेव को मिला।

लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई। अंचल में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं (लू) के थपेड़ों ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। मौसम के बदले तेवरों को देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने जिले के नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। साथ ही, सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारियों को अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम रखने के कड़े निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि तेज धूप और अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है, जिससे लू का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों और उनके अटेंडरों को इस भीषण गर्मी में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी केंद्रों पर ठंडे पानी, पंखे और कूलर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, गंभीर मरीजों के लिए विशेष 'लू वार्ड' भी स्थापित किए गए हैं।

पहचानें लू के लक्षण:

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार, तेज बुखार, सिर में भारीपन व तेज दर्द, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, पूरे शरीर में दर्द, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना, भूख न लगना और बेहोशी जैसी स्थिति लू के प्रमुख लक्षण हैं।

लू से कैसे करें बचाव

बहुत जरूरी होने पर ही धूप में बाहर निकलें। बाहर जाते समय सिर, चेहरे और कान को सूती कपड़े से अच्छी तरह ढंककर रखें। हल्के और सूती कपड़े पहनें।

एक्यूप्रेशर योग क्लास का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 21 मई। उरवई गेट स्थित राजा मानसिंह पार्क में संचालित 'एक्यूप्रेशर योगिक योग क्लास' का प्रथम स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में

माधव कॉलेज के प्राचार्य शिव कुमार शर्मा ने नियमित साधकों को किया सम्मानित

मुख्य अतिथि के रूप में माधव महाविद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार शर्मा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरली सिंह भदौरिया एवं शिव रतन सिंह कुशवाह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

स्थापना दिवस के अवसर पर प्रथम सत्र में संस्था के संचालक व योगाचार्य योगेंद्र पाल सिंह जादौन द्वारा प्रात: 5:30 से 6:00 बजे तक साधकों को विभिन्न व्यायाम, योग क्रियाएं, पावर योग और विशेष श्वसन क्रियाओं (बार-बार स्वांस फेंकना) का अभ्यास कराया गया। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना और ध्यान का आयोजन हुआ।

योग से दूर हुई असाध्य बीमारियां- द्वितीय सत्र में संस्था से जुड़े लगभग 50-60 नियमित साधकों ने अपने अनुभव साझा किए। साधकों ने बताया कि योगाचार्य जादौन के निर्देशन में नियमित योग क्रियाएं करने से उन्हें बीपी, थायराइड, लिवर की समस्याएं, माइग्रेन, सर्दी-जुकाम और अपच जैसी कई पुरानी व असाध्य बीमारियों से पूरी तरह निजात मिली है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संस्था में लगातार एक वर्ष से सक्रिय सहभागिता निभाने वाली महिला साधकों संगीता राजपूत, भदौरिया मैडम और मंजू शर्मा को मुख्य अतिथि द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। योगाचार्य योगेंद्र पाल सिंह जादौन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व साधकों का आभार व्यक्त किया। समापन पर सभी उपस्थित लोगों को ठंडाई, पोहा, केला और ड्राई फ्रूट्स का स्वल्पाहार वितरित किया गया। साधकों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि नियमित योग से उन्हें बीपी, थायराइड, माइग्रेन और लिवर जैसी बीमारियों से आराम मिला है। कार्यक्रम में अतिथियों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, वहीं

वर्षभर नियमित आने वालीं संगीता राजपूत, भदौरिया व मंजू शर्मा का भी स्वागत किया गया। अंत में योगाचार्य ने आभार जताया।

विद्युत लाईन को काटकर तार चुराने वाला गिरफ्तार

मुरैना, 21 मई। देवगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार और चोरी किए गए विद्युत लाईन के तारों के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और चोरी किया गया तार बरामद किया है।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियर कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री कोमल दास शाक्य, श्रीमती लीलावती शाक्य, कोमल दास मिल्क एंड किराना स्टोर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10567935)	मकान संख्या 112, ग्राम भरसुला, पोस्ट भदोना, इंदरगढ़, दतिया, माता मंदिर के पास दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475685 क्षेत्रफल वर्ग फुट में: संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र निर्मित क्षेत्र: 616.00, 600.00	रुपये 338213/- (रु. तीन लाख अड़तीस हजार दो सौ तेरह मात्र)	09-01-2026	19-05-2026
श्री सुजान सिंह श्री भूप सिंह श्रीमती मुन्नी देवी श्रीमती राधिका कुर्मी भूप सिंह कृषि फार्म सुजान दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10583164)	16, 311, पोस्ट खिरिया साहब, ग्राम बैधरी दतिया, खिरिया साहेब, करस देव मंदिर के पास, दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475335 क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र_संपति क्षेत्र: 1250.00, 1000.00	रुपये 605297/- (रु. छह लाख पांच हजार दो सौ सन्तानवे मात्र)	09-01-2026	19-05-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार, ग्वालियर-474002/या **कार्पोरेट ऑफिस-** प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- ग्वालियर, दिनांक- 22-5-2026 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

कब्जा नोटिस

जबकि, IIFL-HFL ने वित्तीय परिसंपतियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002) (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत तथा उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता, गारंटर, बंधककर्ता को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है और इसके बाद, IIFL-HFL ने दिनांक 29-दिसंबर-2025 के असाइनमेंट समझौते के माध्यम से, IIFL-HFL बैंक द्वारा उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा देय ऋणों के संबंध में अपने सभी अधिकार, स्वामित्व, हित और लाभ, साथ ही अंतर्निहित अचल संपत्ति, फीनिक्स आर्क लिमिटेड (पूर्व में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को सौंप दिए हैं, जो फीनिक्स ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहा है - ट्रस्ट एफवाय 26-14
(फीनिक्स) सुरक्षा रसीद धारकों के लाभ के लिए. अत:, उक्त आवंटन के मद्देनजर, फीनिक्स अब IIFL-HFL के स्थान पर प्रतिस्थापित हो गया है और फीनिक्स उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार के विरुद्ध सभी प्रकार की कार्यवाही शुरू करने/जारी रखने तथा वित्तीय दस्तावेजों के अंतर्गत अपने अधिकारों और लाभों को लागू करने का हकदार होगा, जिसमें उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा ली गई वित्तीय सुविधाओं के लिए निष्पादित और निर्मित गारंटी और सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है.
ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा उक्त राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित अचल संपत्ति पर 'जैसा है, जहां है और जो कुछ भी है' के आधार पर नीचे उल्लिखित तिथि से कब्जा कर लिया है.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्रीमती मीरा देवी पथरोलिया श्री गौरव पथरोलिया (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10797601)	प्लॉट संख्या 142, श्री गणेश कॉलोनी फेज-2, सर्वे संख्या 75/1/1 और 75/1/2, वार्ड संख्या 66, ग्राम-वरुआ पिछोरे, तहसील और जिला-ग्वालियर, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 474003, क्षेत्रफल वर्ग फुट में: संपति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र,निर्मित क्षेत्र: संपति का क्षेत्रफल: 800.00, 450.00, 500.00	रुपये 1177404/- (रु. ग्यारह लाख सतहत्तर हजार चार सौ चार मात्र)	13-10-2025	19-05-2026

ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स उपर्युक्त अचल संपत्ति पर वैध कब्जे में है और सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार या कोई भी व्यक्ति, इस सूचना की प्राप्ति के बाद फीनिक्स की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित/हस्तांतरित नहीं करेगा और अचल संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन फीनिक्स द्वारा उपर्युक्त राशि के साथ-साथ संविदात्मक दर पर भविष्य के ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के प्रभार के अधीन होगा. ऋणकर्ताओं/गारंटरों/गिरवीदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो उपर्युक्त अचल संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित है संपत्ति.

स्थान: ग्वालियर, दिनांक 22-5-2026 — हस्ता. अधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था)

सीआईएन क्रमांक-U67190MH2007PLC168303 वेबसाइट: www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालय: तीसरी मंजिल, वॉलेस टावर्स, 139/140/B/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे का चौराहा, विले पार्ले ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, 400057. दूरभाष: +91 02268492450.

समन्वय से ही होगा मुरैना का सुनियोजित विकास : पवैया

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 मई। मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने कहा है कि मुरैना के समेकित और सुनियोजित विकास के लिए सभी विभागों, विकास प्राधिकरणों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

श्री पवैया गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित राज्य वित्त आयोग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पंचायतों, नगर निगम और नगरीय निकायों के विकास से जुड़े विषयों पर

जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए। श्री पवैया ने निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, राजस्व स्त्रोत बढ़ाने और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया।

उन्होंने मुरैना में पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने, सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने और शहर के आसपास सुनियोजित आवासीय कॉलोनियों के विकास का सुझाव भी दिया। वहीं जनप्रतिनिधियों ने पार्किंग, ट्रैफिक व्यवस्था, जलभराव और नगर निगम की राजस्व वसूली को मजबूत करने संबंधी सुझाव रखे। बैठक में महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, विधायक सरला रावत, विधायक दिनेश गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्य वित्त आयोग सदस्य केके सिंह एवं सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

चंबल के रिठौराखुर्द-गुढ़ा घाट पर नष्ट कराया 7650 ट्रॉली रेत

मुरैना, 21 मई। अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ पुलिस, खनिज विभाग, वन विभाग और एसएएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित रेत को नष्ट किया। कार्रवाई के दौरान रेत परिवहन में उपयोग किए जा रहे रास्तों को भी जेसीबी मशीन से अवरुद्ध कर दिया गया। संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से सरायछौला क्षेत्र के रिठौराखुर्द घाट एवं देवगढ़ थाना क्षेत्र के गुढ़ा एवं नंदपुरा घाटों पर दविश दी। टीम को मौके पर 7650 ट्रॉली रेत डंप किया हुआ मिला। जिसका बाजारू मूल्य 1 करोड़ 53 लाख रूपये आंका गया।